Hindustan, Lucknow, Nov 01 2008

टीसीएस की आईटी क्विज़ आठ को

प्रमुख संवाददाता लखनऊ

टाटा कन्सलटेन्सी सर्विस (टीसीएस) तीसरी बार लखनऊ में आठ नवम्बर को आईटी क्विज (क्विज) प्रतियोगिता आयोजित करेगा। जिसमें हाई स्कूल से इंटरमीडिएट तक के छात्र हिस्सा ले सकेंगे। रवीन्द्रालय में होने वाली इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड के पाँच सौ स्कूलों ने हिस्सा लेने पर सहमति जताई है। यह जानकारी टीसीएस के प्रमुख कन्सलटेन्ट जयंत कृष्णा ने शुक्रवार को दी। श्री कृष्णा ने बताया कि एक स्कूल से अधिकतम 10 टीमों को प्रवेश दिया जा सकता है। एक टीम में दो छात्र होंगे। इन टीमों की पहले लिखित परीक्षा ली जाएगी। जिसमें से छह टीमों का चयन किया जाएगा। क्विज का संचालन प्रमुख क्विज मास्टर गिरि बाला सुब्राहम्ण्यम सवाल पूछेंगे। विजेता टीम के सदस्यों को लैपटाप, उपविजेता टीम के दोनों सदस्यों को डिजिटल कैमरा और तीसरे स्थान पर रहने वाले दल को एमपी-3 प्लेयर पुरस्कार मिलेगा।